भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2332

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सिकल सेल एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग सुविधाएं

†2332. श्री केसिनेनी शिवनाथः

श्री बी. के. पार्थसारथीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत सिकल सेल रोग के लिए अनुमोदित उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची का ब्यौरा क्या है;

(ख) अनुमोदित किए गए उत्कृष्टता केंद्रों के लिए आवंटित और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है और हासिल की गई वास्तविक प्रगति का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) द्वारा वितरित सिकल सेल कार्डों की संख्या के आंकड़ें मौजूद हैं और वह उनकी निगरानी करती है और यदि हां, तो आंध्र प्रदेश के लिए वितरित किए गए ऐसे कार्डों की संख्या सहित तत्संबंधी वर्षवार और जिलावार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार सिकल सेल रोग की अधिक व्याप्तता वाले ब्लॉकों को चिह्नित और उनका मानचित्रित किया गया है और यदि हां, तो आंध्र प्रदेश के लिए जिलावार ऐसे ब्लॉकों की सूची सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों में सिकल सेल एनीमिया की जांच सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में आंकड़े एकत्र करती है और यदि हां, तो आंध्र प्रदेश के लिए ऐसे केंद्रों, जहां ऐसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, की संख्या सहित तत्संबंधी वर्षवार और जिलावार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों में जनजातीय कार्य मंत्रालय (एमओटीए) द्वारा वित्त पोषित सिकल सेल रोग (एससीडी) संबंधी उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना के लिए लागत मानदंड निर्धारित किए हैं। 17 स्वीकृत उत्कृष्टता केंद्रों के लिए स्वीकृत एवं जारी की गई निधियों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) से (ङ): राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएससीएईएम) के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश के 710 ब्लॉक सहित प्रभावित 17 जनजातीय राज्यों में जिला अस्पतालों (डीएच) से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्तर तक के सभी स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों में 0-40 वर्ष के लक्षित आयु वर्ग के बच्चों की एससीडी के निदान हेतु जांच की जाती है।

देश में उपलब्ध प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) की संख्या, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और जिलावार, जिसमें आंध्र प्रदेश भी शामिल है, को हेल्थ डायनामिक्स ऑफ इंडिया (एचडीआई) (अवसंरचना और मानव संसाधन), 2022-23 के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:
https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

एससीडी पोर्टल के अनुसार, दिनांक 03.02.2026 तक की स्थिति के अनुसार, देश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में 6.83 करोड़ से अधिक जांचें की गई हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश में की गई 14.79 लाख जांचें शामिल हैं। साथ ही, देश में 3.85 करोड़ से अधिक आनुवंशिक स्थिति कार्ड वितरित किए गए हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश में 4.78 लाख आनुवंशिक स्थिति कार्ड शामिल हैं। राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश में वितरित आनुवंशिक स्थिति कार्डों का जिलावार विवरण **अनुलग्नक-II** में है।

दिनांक 13.02.2026 के लिए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2332 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक-I

स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य का नाम	संस्थान का नाम	स्वीकृत निधि (लाख में)	निर्गत निधि (लाख में)
1	तेलंगाना	निज़ाम्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस	348	174
2	उत्तराखंड	एम्स, ऋषिकेश	185	134.11
3	केरल	कोझिकोड मेडिकल कॉलेज	494.72	494.72
4	आंध्र प्रदेश	किंग जॉर्ज हॉस्पिटल, विशाखापत्तनम	764.08	755.08
5		एम्स, मंगलागिरी		
6	झारखंड	एम्स, देवघर	375	375
7	महाराष्ट्र	एम्स, नागपुर	115	115
8	छत्तीसगढ	एम्स, रायपुर	201.6	201.6
9	कर्नाटक	मैसूर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट	386.54	386.54
10	मध्य प्रदेश	एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर	191.8	191.8
11		भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी)		
12	असम	असम मेडिकल कॉलेज, डिब्रूगढ़	365.54	365.54
13	गुजरात	न्यू सिविल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, सूरत	385.2	385.2
14	ओडिशा	एससीबी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, कटक	405	405
15	राजस्थान	आरएनटी मेडिकल कॉलेज	283	283
16	तमिलनाडु	इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड हॉस्पिटल फॉर चिल्ड्रन – मद्रास मेडिकल कॉलेज	134.64	134.64
17	पश्चिम बंगाल	एन.आर.एस. मेडिकल कॉलेज	427	-

दिनांक 13.02.2026 के लिए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2332 के भाग (ग) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

<u>अनुलग्नक-II</u>

<u>आंध्र प्रदेश में वितरित आनुवंशिक स्थिति कार्डों का जिला-वार विवरण</u>

जिले का नाम	**वितरित किए गए आनुवंशिक स्थिति कार्डों की संख्या**
अल्लूरी सीताराम राजू	170824
पार्वतीपुरम मान्यम	59379
एसपीएसआर नेल्लोर	53599
तिरुपति	34531
एलुरु	59727
पालनाडु	31968
प्रकाशम	22476
श्रीकाकुलम	17984
नांदयाल	26503
एनटीआर	144
बापतला	446
विजयनगरम	52
अन्नमय्या	106
श्री सत्य साई	32
गुंटूर	87
अनंतपुर	51
चित्तूर	23
अनकापल्ली	5
कृष्ण	53
कुरनूल	74
काकीनाडा	22
वाईएसआर	37
पूर्वी गोदावरी	46
कोनासीमा	12
पश्चिम गोदावरी	7
विशाखापत्तनम	0
कुल	**4,78,188**

****